दिन– रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 01/10/2023

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर आज देशभर में लोग व्यापक स्वच्छता अभियान में भाग लेंगे।

02. बिहार बोर्ड एसटीईटी परीक्षा का परिणाम परसो घोषित करेगा। बोर्ड ने साल में दो बार शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित करने का भी निर्णय किया।

03. भारतीय रिजर्व बैंक ने दो हजार रुपये के नोट बदलने की अंतिम तारीख सात अक्टूबर तक बढ़ाई।

04 और, मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले चार दिनों तक अधिकांश हिस्सों में गरज के साथ बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया। अगले चौबीस घंटों के दौरान गया, रोहतास, औरंगाबाद और कैमूर जिले में भारी बारिश की चेतावनी।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर आज देशभर में लोग व्यापक स्वच्छता अभियान में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री ने नागरिकों से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर उन्हें श्रद्धांजलि स्वरूप आज सुबह दस बजे स्वच्छता अभियान में एक घंटे का श्रमदान करने की अपील की है।

———बाईट———

पिछले मन की बात कार्यक्रम में, प्रधानमंत्री ने स्वच्छता ही सेवा अभियान का महत्व बताते हुए लोगों से इसमें भागीदारी करने और एक अक्टूबर को व्यापक स्वच्छता अभियान के लिए समय निकालने की अपील की थी।

———बाईट———

———————————————————————————

इधर, केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि स्वच्छता महा अभियान के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में छह लाख चालीस हजार से अधिक स्थलों को श्रमदान के लिए चुना गया है। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में श्री पुरी ने कहा कि बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक कल्याण समिति लगभग एक लाख आवासीय क्षेत्रों में श्रमदान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण समुदाय पूरे देश में लगभग पैंतीस हजार आंगनवाड़ी केंद्रों को गोद लेने के लिए आगे आए हैं।

———बाइट———

यह जन आंदोलन है। इसमें सरकार तो सिर्फ आपको नागरिकों को हमारे भाइयों बहनों को आईडिया दे सकती है पर आपको यह देखिए जब हमारे को कॉरपोरेशन मिलेगी हमारे नागरिक करेंगे तो उनका भी फायदा होगा। इसका वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन में असेसमेंट की है कि यह दुनिया की सबसे बड़ी सैनिटेशन प्रोग्राम है।

इससे कितनी सेविंग हुई है और ज्यादा आप जहां पर रहते हैं अगर उस जगह को स्वच्छ रखते हैं तो आपकी लैंड वैल्यूज भी बढ़ते हैं।

———————————————————————————————

इधर, प्रदेश में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न सरकारी कार्यालयों, संस्थानों और नदी–घाटों के किनारे व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। इसमें कई केन्द्रीय मंत्री, सांसद और विधायक भी भाग ले रहे हैं।

———————————————————————————————

राज्य शिक्षक पात्रता परीक्षा, एसटीईटी दो हजार तेईस का परिणाम तीन अक्टूबर को घोषित किया जायेगा। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने कहा कि समय पर परिणाम घोषित होने से अभ्यर्थियों को लाभ होगा। ये परीक्षा चार सितम्बर से चौदह सितम्बर तक आयोजित की गयी थी।

———बाईट———

बोर्ड ने एसटीईटी परीक्षा अब वर्ष में दो बार आयोजित किये जाने की भी घोषणा की है। बोर्ड अध्यक्ष ने कहा की इस परीक्षा के दो बार आयोजन से अभ्यर्थियों को अपनी प्रतिभा साबित करने के अधिक अवसर मिलेंगे।

———————————————————————————————

केन्द्रीय चयन पर्षद की ओर से बिहार पुलिस में सिपाही के इक्कीस हजार तीन सौ इक्यानवे पदों पर बहाली के लिए आज से लिखित परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र पर दो घंटे पहले आने का निर्देश दिया गया है। परीक्षार्थियों के लिए बायोमेट्रिक हाजरी और फोटोग्राफी भी सुनिश्चित की गयी है। यह परीक्षा एक, सात और पन्द्रह अक्टूबर को होगी। लिखित परीक्षा में सत्रह लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए सभी पांच सौ उनतीस परीक्षा केन्द्रों पर मोबाईल जैमर लगाये गये हैं।

———————————————————————————————

प्रदेश में नगर विकास और आवास विभाग ने शहरी क्षेत्र के गैर आवासीय भवनों का सम्पत्ति टैक्स डेढ़ से तीन गुना बढ़ा दिया है। विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर इसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है। यह टैक्स राज्य के सभी नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायतों में लागू होगा। सबसे ज्यादा शहरी क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थान, होटल, हेल्थ क्लब, विवाह हॉल, जिमनेजियम, क्लब, वाणिज्य कार्यालय, वित्तीय संस्थान, बैंक, बीमा कम्पनियों के कार्यालय, निजी अस्पताल और नर्सिंग हॉल पर टैक्स लागू होगा। विभाग के अनुसार सांस्कृतिक और धार्मिक प्रकृति के स्थल, केन्द्र और राज्य की संस्थाओं को प्रॉपर्टी टैक्स में पूर्व की तरह ही छूट रहेगी।

————————————————————————————————

राज्य में पिछले चौबीस घंटों के दौरान चार सौ सोलह डेंगू मरीजों की पहचान हुई है। राज्य स्वास्थ्य समिति के अनुसार प्रदेश में डेंगू मरीजों की संख्या छह हजार चार सौ से अधिक हो गई है। विभाग के अनुसार सबसे अधिक पटना से एक सौ सतहत्तर नए मामले मिले हैं। वहीं, मुंगेर में सैंतीस, सारण में अट्ठाईस भागलपुर में सत्ताईस, और बेगूसराय में सत्रह लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है। इस बीच स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से डेंगू के लक्षण मिलते ही नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क करने की अपील की है।

————————————————————————————————

भारत का सौर मिशन आदित्य एल–वन पृथ्वी के प्रभाव क्षेत्र से सफलतापूर्वक आगे बढ़ गया और अब वह लैग्रेंज बिंदु एल–वन की ओर अपना रास्ता बना रहा है जो पृथ्वी से पन्द्रह लाख किलोमीटर दूर है। इसरो ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स पर बताया है कि अंतरिक्ष यान एक सौ दस दिनों के बाद ग्राउंड स्टेशन से एल–वन के आसपास की कक्षा में स्थापित किया जाएगा। आदित्य एल1 प्रभामंडल कक्षा से सूर्य का अध्ययन करने वाली पहली भारतीय अंतरिक्ष आधारित वेधशाला है। दो सितंबर को भेजा गया यह अंतरिक्ष यान सूर्य के फोटोस्फेयर, क्रोमोस्फेयर और कोरोना का अध्ययन करेगा। इसमें सात पेलोड स्वदेशी रूप से विकसित किए गए हैं, जिनमें से पांच इसरो द्वारा और दो भारत में शैक्षणिक संस्थानों द्वारा विकसित किए गए हैं।

————————————————————————————————

भारतीय रिजर्व बैंक ने दो हजार रूपये के नोट बदलने की समय सीमा सात अक्तूबर तक बढ़ा दी है। रिजर्व बैंक ने एक बयान में बताया कि नोट बदलने की प्रक्रिया कल समाप्त हो गयी थी और एक समीक्षा के आधार पर दो हजार रूपये के नोट जमा करने या बदलने की वर्तमान व्यवस्था को सात अक्तूबर तक जारी रखने का निर्णय लिया गया है।

————————————————————————————————

ऑनलाइन रूप से संचालित गेमिंग, सट्टेबाजी, कैसिनो, जुए, घुडदौड और लॉटरी पर अट्ठाईस प्रतिशत वस्तु और सेवा कर–जी.एस.टी लगेगा। एक गजट अधिसूचना में वित्त मंत्रालय ने बताया कि संशोधित जी.एस.टी प्रावधान आज से लागू हो गया है। इस वर्ष अगस्त में नई दिल्ली में जी.एस.टी परिषद की इक्यावनेवीं बैठक में यह निर्णय लिया गया था।

————————————————————————————————

चक्रवातीय प्रभाव के कारण प्रदेश के अधिकतर भागों में बारिश की गतिविधियां तेज हो गयी है। अगले चार दिनों तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में तेज बारिश और वज्रपात की सम्भावना है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान गया, रोहतास, औरंगाबाद और कैमूर जिले में भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि राज्य के उत्तर–पूर्व और उत्तर–मध्य भागों में अनेक स्थानों पर भारी बारिश की आशंका है।

———————————————————————————

पूर्व मध्य रेल के क्षेत्राधिकार से गुजरने वाली अठारह ट्रेनों के आगमन और प्रस्थान का समय आज से बदल गया है। आज से ही रेलवे की नई समय सारिणी लागू हो गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दानापुर–साहेबगंज एक्सप्रेस दानापुर से सुबह चार बजकर पचास मिनट की जगह अब पांच बजकर पच्चीस मिनट पर खुलेगी। जयनगर–हावड़ा एक्सप्रेस जयनगर से अब शाम सात बजकर सैंतालीस मिनट की जगह छह बजकर पैंतीस मिनट पर खुलेगी। रेलवे की ओर से जारी नई समय सारणी में पटना–रांची और पटना–हावड़ा वंदे भारत ट्रेन को भी शामिल किया गया है। इधर, पटना–राजगीर के बीच तीन अक्टूबर से प्रतिदिन एक स्पेशल ट्रेन चलाई जायेगी।

———————————————————————————

पटना नगर निगम क्षेत्र और दानापुर, खगौल तथा फुलवारीशरीफ नगर परिषद क्षेत्र में डीजल वाली सिटी बसों का परिचालन आज से स्थाई रूप से बंद कर दिया है। परिवहन विभाग की अधिसूचना के अनुसार जिला परिवहन कार्यालय ने भी डीजल बसों के परिचालन पर रोक लगा दी है। अब इन निकाय क्षेत्रों में सीएनजी और इलेक्ट्रिक बसों का ही परिचालन होगा। इधर, इस फैसले का नगर सेवा क्षेत्र के बस संचालकों ने विरोध किया है।

———————————————————————————

किशनगंज नगर परिषद ने शहरी क्षेत्र में पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल से आने वाले ई–रिक्शा के परिचालन पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया। नगर परिषद की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। परिषद के अध्यक्ष इंद्रदेव पासवान ने बताया कि शहर में उत्पन्न होने वाली जाम की समस्या को देखते हुये यह निर्णय किया गया है। उन्होंने कहा कि जुगाड़ वाहनों के परिचालन पर भी किशनगंज शहरी क्षेत्र में रोक रहेगी।

———————————————————————————

बुजुर्गों को आदर और सम्मान देने के संकल्प के साथ आज अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया जा रहा है। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने अपने संदेश में कहा

है कि हम सब का कर्तव्य है कि बुजुर्गों की समुचित देखभाल की जाए। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा है कि वर्तमान सामाजिक और आर्थिक परिवेश में वृद्धजनों को अकेला छोड़ा जाना और उनकी उपेक्षा गम्भीर चिंता का विषय है।

———————————————————————————

सुभाष कुमार पटवारी बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स के नये अध्यक्ष निर्वाचित हुये हैं। पटना में सम्पन्न चैम्बर की वार्षिक आम सभा में आशिष शंकर और प्रदीप कुमार को उपाध्यक्ष, सुबोध कुमार जैन को कोषाध्यक्ष तथा पशुपति नाथ पांडेय को महामंत्री निर्वाचित घोषित किया गया।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने माध्यमिक शिक्षा से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है–बिहार में शिक्षकों की कमी दूर करने को राज्य सरकार का फैसला। माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा साल में दो बार होगी।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– पटना में चौथा कृषि रोड मैप अठारह अक्टूबर को, लॉन्च करेंगी राष्ट्रपति।

दैनिक भास्कर का शीर्षक है– पांच राज्यों में चुनाव से पहले केन्द्र सरकार का महिलाओं पर फोकस। अखबार लिखता है– महिलाओं को मिलेगा सस्ता कर्ज, नवरात्र में घोषणा सम्भव।

प्रभात खबर लिखता है– मार्च दो हजार चौबीस तक आठ हजार दो सौ तिरासी किलोमीटर ग्रामीण सड़कें की जायेंगी तैयार। आज अखबार ने एशियन गेम्स की खबर को अपनी सुर्खी बनाते हुये लिखा है– भारत ने लगाया पदकों का पंच। भारत दस स्वर्ण, चौरह रजत और चौदह कांस्य पदक जीतकर चौथे स्थान पर।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर आज देशभर में लोग व्यापक स्वच्छता अभियान में भाग लेंगे।
02. बिहार बोर्ड एसटीईटी परीक्षा का परिणाम परसो घोषित करेगा। बोर्ड ने साल में दो बार शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित करने का भी निर्णय किया।
03. भारतीय रिजर्व बैंक ने दो हजार रुपये के नोट बदलने की अंतिम तारीख सात अक्टूबर तक बढ़ाई।

04 और, मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले चार दिनों तक अधिकांश हिस्सों में गरज के साथ बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया। अगले चौबीस घंटों के दौरान गया, रोहतास, औरंगाबाद और कैमूर जिले में भारी बारिश की चेतावनी।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।